सीतामऊ शहर कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई.

सीतामऊ(कांजी भाई) । सीतामऊ शहर कांग्रेस कमेटी के ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती शहर कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल फरक्या के नेतृत्व में मनाई । इस अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह पूर्वक बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई गई। इस उपलक्ष में क्षमता मूलक समाज द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ चल समारोह निकाला गया । शहर कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल फरक्या के कार्यालय पर चल समारोह का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गोविंद सिंह पवार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हनुमंत सिंह , दिनेश सेठिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल फरक्या सुरेश पाटीदार, महेश पाटीदार,रघुवीर सिंह धारखेडी, रमेश मालवीया, भागीरथ बंबोरिया, लक्ष्मण सिंह, पवन शर्मा, प्रकाश जैन पटवारी संजय वर्मा,किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मिथुन शर्मा, पंचायती राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह,मंडलम अध्यक्ष गण, राहुल बंबोरिया, दिपक सेन,श्याम बाबू शर्मा, शिव सिंह गुर्जर, रण सिंह भाटी,कमलेश पाठक, मुकेश सूर्यवंशी,हरिओम पाटीदार, कालू सिंह राठौर ,रतनलाल सूर्यवंशी, प्रकाश सूर्यवंशी,प्रतीक गिरोठिया, कमलेश चौहान,बबलू पाटीदार, बबलू भाई सीतामऊ, राजेश चावड़ा, मोहसिन शाह,इकबाल हुसैन, जितेन सूर्यवंशी, श्याम सिंह गुर्जर ,राम सिंह सोलंकी तितरोद, रामनारायण, दिनेश सूर्यवंशी, कारू सिंह गुर्जर, मांगीलाल चकतया, डा रतनलाल सूर्यवंशी, जगदीश, इकबाल हुसैन, कंवरलाल बोरना भगोर, जितेन सूर्यवंशी, मोहम्मद आदि उपस्थित थे।

गीता भवन से निकली रैली, इकबालगंज मेला मैदान में हुई सभा

जावरा । 14 अप्रैल को जावरा में डॉक्टर भीमराव जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में बाबा साहब अंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले जी की संयुक्त जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें रैली गीता भवन से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद इकबालगंज मेला मैदान में सभा के रूप में परिवर्तित हुई। रास्ते में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सभा को बाहर से पधारे मुख्य अतिथियों ने संबोधित किया। साथ ही संविधान को बचाने एवं बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। आभार समिति अध्यक्ष कालूराम आठोंडीया ने माना और संचालन मोहन सोनारतीया ने किया। अंत में संविधान की उद्देशिका को पढ़कर संविधान की शपथ ली गई।

महावीर जैन नेशनल स्कूल में जांच एवं फिटनेस शिविर का हुआ आयोजन

विश्व स्वास्थ्य सप्ताहः नेत्र रोग एवं दंत रोग विशेषज्ञ ने सेवाएँ प्रदान की

जावरा । विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से महावीर जैन नेशनल स्कूल, जावरा में विश्व स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत शारीरिक फिटनेस एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण किए गए तथा उन्हें स्वस्थ रहने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान जावरा की प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना चंदनसिंह एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राज डांगी ने अपनी सेवाएँ प्रदान करते हुए विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। नेत्र विशेषज्ञ द्वारा विद्यार्थियों की आँखों की जांच कर उन्हें आँखों की देखभाल, स्वच्छता बनाए रखने, मोबाइल एवं स्क्रीन का सीमित उपयोग करने तथा पौष्टिक आहार लेने के बारे में जानकारी दी गई। वहीं दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा विद्यार्थियों के दाँतों की जांच कर उन्हें दाँतों की नियमित सफाई, दिन में दो बार ब्रश करने, मीठे पदार्थों का सीमित सेवन करने तथा दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

स्वस्थ शरीर ही सफल जीवन की है नींव

इस अवसर पर चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि स्वस्थ शरीर ही सफल जीवन की नींव है। यदि हम बचपन से ही अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, नियमित व्यायाम करें, संतुलित आहार लें और स्वच्छता का पालन करें, तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे और डॉक्टरों से उपयोगी सलाह प्राप्त की।

विद्यालय सर्वांगीण विकास का है केंद्र

विद्यालय संचालक डॉ. अश्विन गंगवाल ने इस मौके पर कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा देने का माध्यम ही नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का केंद्र भी है। उन्होंने कहा कि बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, जिससे विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े और वे एक स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाएँ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया तथा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भाजपा नगर मंडल और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कोर्ट परिसर में किए आयोजन

भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर 135 वी जयंती मनाई

जावरा। भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जावरा द्वारा कोर्ट परिसर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय भी उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब का स्मरण किया। माल्यार्पण के बाद आयोजित सभा में पूर्व नगर अध्यक्ष अभय कोठारी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने भारत को समानता, न्याय और संवैधानिक अधिकारों की मजबूत नींव प्रदान की, और आज भी उनके विचार समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाकर समाज सेवा करने की अपील की। स्वागत भाषण भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश शर्मा, संचालन महामंत्री अनिल धारीवाल व आभार महामंत्री मनीष ऊटवाल ने माना। कार्यक्रम में नंदकिशोर महावर, अजय सकलेचा, प्रमोद रावल, वीरेन्द्र सिंह चौहान, सुरेश चोरडिया, मनोहर पांचाल, श्रीमती संतोष शर्मा, घनश्याम सोलंकी, अजयसिंह भाटी, सुरेश पोरवाल, अनिल मोदी, रजत सोनी, शरद डूंगरवाल,चंद्रप्रकाश सोलंकी, सोनू यादव, तेजसिंह कदम, प्रमोद पुरोहित, मोतीलाल यदुवंशी, शरीफ कुरैशी, दशरथ कसानिया, यस सकलेचा, महेंद्र चौहान, आशिफ मिर्जा, देवेंद्र चौहान, मुकेश भाटी, टोनी कल्याणे, अनिल त्रिवेदी, विक्रम माली, सत्यनारायण पांचाल उपस्थित थे।

बाबा साहब ने अल्पसंख्यक, पिछड़े और दलितो को बढ़ाया आगे

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती मनाई गई। कोर्ट परिसर में प्रतिमा पर कांग्रेस के वरिष्ठजनों, पार्षदों द्वारा माल्यार्पण किया और उनके द्वारा बनाए गए संविधान के बारे में अपने विचार रखते हुए कहा कि बाबा साहेब ने अल्पसंख्यक, पिछड़े दलितो को सम्मान देने के लिए आगे बढ़ाया और सम्मान दिया, उनकी सोच में देश में सभी धर्म का सम्मान व अपने-अपने धर्म को मनाने की आजादी की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि आज देश ही नहीं बल्कि विश्व में बाबा साहेब के संविधान की प्रशंसा की जाती है और सम्मान दिया जाता है जो देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर जावरा अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव मोहम्मद यूसुफ कडपा, वरिष्ठ नेता शांतिलाल दसेड़ा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरालाल मेहता, बलवंतसिंह राठौड़ गोंदिशंकर, सेवादल के मसूद परदेसी, किसान नेता मोहन सैनी, प्रभुलाल रोतिया, राजेंद्र कल्याणे, नपा चेयरमैन मुस्तकीम मंसूरी, लोकेश विजवा, आसिफ कबाड़ी, चेयरमैन प्रतिनिधि विनोद ओरा, महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा पवार, पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष यास्मीन खान, पूर्व ब्लाक युवक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित लालवानी, विमल पोखरना, मनीष बैरागी, अशोक सिसोदिया, जावेद पाँपुलर, अनिल सोनी, पूनमचंद रारोतिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन अनिल सोनी ने किया, आभार जावेद पाँपुलर ने माना।

दानदाता प्रदीप चौधरी का 59 वां जन्मदिन जीवदया सोसायटी में मनाया

जावरा । जैन सोशल ग्रुप जावरा नवकार द्वारा अप्रैल माह में जिन सदस्यों के जन्मदिन एवं विवाह वर्षगांठ आते हैं, उनका सामूहिक आयोजन आज जीवदया सोसायटी, जावरा पर संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नवकार करुणा योजना के प्रमुख दानदाता एवं सांसद प्रतिनिधि श्री प्रदीप चौधरी का 59 वां जन्मदिन भी जीवदया कार्यों के साथ मनाया गया। अपने उद्बोधन में श्री चौधरी ने नवकार परिवार की सराहना करते हुए कहा कि जीवदया के क्षेत्र में अनेक संस्थाएं कार्यरत हैं, लेकिन नवकार द्वारा निरंतर संचालित योजनाओं का प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने अपने जन्मदिवस के अवसर पर नवकार परिवार को जीवदया के कार्यों में तन, मन एवं धन से पूर्ण सहयोग देने की घोषणा भी की।

उन्होंने यह भी कहा कि नवकार परिवार इसी तरह सेवा कार्य करते हुए जावरा का नाम देश-विदेश में गौरवान्वित करता रहे।

कार्यक्रम में अभय जी कोठारी एवं नवकार के जोन कोऑर्डिनेटर मनोज जी मेहता विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत संस्था के संस्थापक अध्यक्ष संजय आंचलिया, अध्यक्ष आशीष कोठारी, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कांठेड़, अभिषेक बोरदिया, सचिव पुनीत चोरड़िया, सह सचिव शेखर राजावत, कोषाध्यक्ष मनीष दसेड़ा सहित राजशेखर भंडारी, अनुराग संघवी, सौरभ मेहता, मनीष सकलेचा, सुधीर कोचट्टा, अरुण धारीवाल, शरद डुंगरवाल, अभिषेक सकलेचा, राहुल जैन, भावेश हरण, अंकित भंडारी, अभिषेक चतर, राहुल मांडोत, गौरव भंडारी, मनीष अजमेरा एवं मोक्ष सकलेचा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

सफाई कर्मचारियों ने डॉ आंबेडकर की 135 वी जयंती मनाई

जावरा । जावरा के सफाई कर्मचारियों ने डॉ भीमराव आंबेडकर की 135 वी जयंती मनाई। कोर्ट परिसर में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों एवं सिद्धांत पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर राजेश चावरे पूर्व पार्षद, शिव कंडरे, पुखराज बिडवान (प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत) मनीष उटवाल (भाजपा नगर मंडल महामंत्री), नरेन्द्र उटवाल, कपिल बिडवान , महेश आदिवाल , अमन बारवासे , विजय चौहान, परम गोसर, कमलेश , राघिनी, संजय खरे, अमित गोसर, श्याम बारवासे, अजय गोसर, रूद्र उँटवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन कपिल बिडवान ने एवं आभार अमन बारवासे ने माना।

ढोढर में 15 लाख के सीसी रोड़ का हुआ भूमिपूजन-

ढोढर। रविवार को ग्राम पंचायत ढोढर में 15 लाख की लागत से भगवान देवनारायण मंदिर,कबीर मंदिर ,पीपली वाले बालाजी, बाबा रामदेव मंदिर मोया खेड़ा रोड के सीमेंट कांक्रीट कार्य का भूमिपूजन सरपंच महोदय जगदीश माली ,उपसरपंच जगदीश परमार, जनपद सदस्य प्रतिनिधि बसंतीलाल चौधरी, वार्ड पंच बाबूलाल गुजराती, जितेंद्र चौधरी, नंदकिशोर माली ,श्रीमति कमलाबाई माली एवं मोहल्ले के समस्त सम्माननिय ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। सरपंच जगदीश माली ने बताया कि इसके साथ ही गांव में 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य भी चल रहा है।इसके साथ ही हॉट मैदान सहित गांव के प्रमुख चौराहा पर 12 लाख रुपए की लागत से पावर ब्लॉक लगाने का काम भी चल रहा है।

जिन बच्चों की पहली वैसाखी थी उन्हें ज्ञानीजी ने कराया अमृत पान

पंजाबी समाज के वैसाखी पर्व पर गुरुद्वारा में हुए आयोजन

गुरु गोबिंद सिंह जी आनंदपुर साहिब में वैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी।

जावरा। पंजाबी समाज के वैसाखी पर्व पर मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा श्री दुःख निवारण साहिब पर मनाया। मंगलवार को तीन दिन से चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब का समापन हुआ। ज्ञानी हंसराजसिंह व बच्चों द्वारा शब्द कीर्तन गायन किया। दोपहर में लंगर हुआ। समाज के देवेन्द्रसिंह गुर ने बताया कि जिन बच्चों की पहली वैसाखी थी उन्हें ज्ञानी जी ने अमृत पान कराया। व सिक्खों के दसवें

इस अवसर समाज अध्यक्ष राजिंदरसिंह गंभीर, अमृतसिंह सेठी, हरपालसिंह गंभीर, इंद्रपालसिंह सेठी, कुलजीतसिंह गुर, मंजीतसिंह सलूजा, गुरजीतसिंह गंभीर, रिशु गंभीर, अपारसिंह गंभीर, शैलेन्द्रसिंह गुर, परमजीतसिंह मदान, टिंकल गुर, जिम्मी सिंह, बलविंदरसिंह सेठी, गुरभेजसिंह राजपाल, सनी सेठी आदि मौजूद थे।

बाबा साहब डॉ. अंबेडकर का व्यक्तित्व एवं आदर्श सम्पूर्ण भारत के लिए अनुकरणीय : प्रभारी मंत्री डॉ. शाह

2047 तक बाबा साहब अंबेडकर के सपनों का भारत बनायेगें-कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप

रतलाम। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136 वीं जन्म जयंती के अवसर पर कैलाशनाथ काटजू विधि महाविद्यालय रतलाम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह को वर्चुअल संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री एवं जनजातीय कार्य विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन डॉ कुंवर विजय शाह ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व एवं आदर्श सम्पूर्ण भारत के लिए अनुकरणीय है। उनके जीवन संघर्ष, आदर्शों एवं विचारों का अनुसरण करते हुए देश निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है।

डॉ. अंबेडकर के जन्म जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन श्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक परिवर्तन की अद्वितीय मिसाल है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन की शुरुआत अत्यंत कठिन परिस्थितियों में की, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने हजारों वर्षों से चली आ रही सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और समाज में समानता एवं समरसता स्थापित करने का संकल्प लिया। उनका संघर्ष केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के उत्थान के लिए था।

बाबासाहब ने भारतीय संविधान के निर्माण में जो योगदान दिया, वह आज भी हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का मार्ग दिखाता है। उनका मानना था कि जब तक समाज में जातिगत भेदभाव समाप्त नहीं होगा, तब तक वास्तविक प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने शिक्षा, नारी उत्थान, नारी शिक्षा, समान अवसर और सामाजिक समरसता के लिए जीवनभर संघर्ष किया, और समाज के सभी वर्गों के लिए संविधान में समान अवसर के प्रावधान किये। उन्होंने ऐसे भारत की नींव रखी जहां न्याय समानता एवं गरिमा प्रत्येक नागरिक का समान अधिकार है। डॉ. अंबेडकर दूरदर्शी एवं महान अर्थशास्त्री भी थे। देश के आर्थिक उत्थान को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आरबीआई की स्थापना का श्री प्रावधान किया। उनके योगदान के लिए वर्ष 1990 में उन्हें मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न ' से सम्मानित किया गया। सरकार द्वारा उनकी जन्मस्थली मह् को एक पवित्र तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। हम उनके विचारों एवं उनके द्वारा संविधान में किए गए प्रावधान को लागू करते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 तक बाबा साहब के सपनों का भारत बनाऐंगे।

समारोह में महापौर श्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन कई संघर्षों से भरा था। उन्होंने शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण समझा। स्कूल में जातिगत भेदभाव सहते हुए अपनी पढ़ाई पूरी की। स्कूल में उन्हें अन्य बच्चों से अलग बैठना पड़ता था। पानी भी उन्हें स्वयं का ही लेना पड़ता था। लेकिन पढ़ाई के लिए डटे रहे और उन्होंने विदेश जाकर भी शिक्षा ग्रहण कर देश के सामाजिक, आर्थिक एवं न्यायिक विकास में अविस्मरणीय योगदान दिया।

जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक महान समाज सुधारक ही नहीं, बल्कि एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री भी थे। भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना उनकी दूरदर्शी आर्थिक सोच का ही परिणाम हैं। उन्होंने देश की आर्थिक संरचना को मजबूत करने की नींव रखी। बाबासाहब का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा, संघर्ष और आत्मविश्वास से हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में शासन की योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी अतिथियों द्वारा मंच से किया गया। कार्यक्रम में 10वी एवं 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही, 6वीं के विद्यार्थियों को साईकल वितरण, लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राही, अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना, उद्यम क्रांति योजना के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लेखक डॉ. प्रदीप सिंह राव द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्षों, संविधान निर्माण, नारी उत्थान, नारी शिक्षा एवं देश के सामाजिक आर्थिक विकास मे उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, सहायक आयुक्त श्रीमती रंजना सिंह, विभागीय अधिकारी/कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोत्तर ने किया। आभार प्रदर्शन ए.ओ. जनजातीय कार्य विभाग श्री भास्कर ने किया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया।